<u>प्रेस विज्ञप्ति</u>

गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय
पंतनगर, जिला– ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)

विश्वविद्यालय में 'फ्यूचर ऑफ फार्मिंगःहाइड्रोपोनिक' पर तीन–दिवसीय कार्यशाला का आयोजन

पंतनगर। 15 मार्च, 2024। विश्वविद्यालय में विज्ञान एवं मानविकी महाविद्यालय के आणविक जीव विज्ञान एवं आनुवंशिकी अभियांत्रिकी विभाग तथा हाइमीडिया कम्पनी द्वारा संयुक्त रूप से तीन–दिवसीय कार्यशाला का शुभारम्भ किया गया। महाविद्यालय के अधिष्ठाता डा. संदीप अरोड़ा ने विद्यार्थियों के साथ कुलपति डा. मनमोहन सिंह चौहान द्वारा थ्री पी (पेटेंट, पब्लिकेशन एवं प्रोडक्ट) के संदेश को साझा किया तथा पेटेंट, पब्लिकेशन एवं प्रोडक्ट को ध्यान में रखते हुए नई तकनीकों को विकसित करने एवं अपनाने पर बल दिया। उन्होंने कार्यशाला को संबोधित करते हुए हाइड्रोपोनिक की महत्ता पर प्रकाश डाला तथा इसे विभिन्न शोधों के लिए आवश्यक अंग बताया। उन्होंने कहा कि कार्यशाला में प्रतिभागियों को शोध के लिए समन्वित परियोजनाएं बनाने में मदद मिलेगी। हाइड्रोपोनिक तकनीक प्रशिक्षण से विद्यार्थियों को खेती के नये आयामों से अवगत कराया जा रहा है। विशेषज्ञों ने इस कार्यशाला के दौरान विद्यार्थियों को उच्चतम तकनीकों के माध्यम से खेती की मृदा रहित परियोजनाओं के लिये नवीन ज्ञान प्रदान किया।

कार्यशाला में उपस्थित अधिकारी, विद्यार्थी एवं अन्य।

निदेशक संचार